अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

# दृष्टि IAS / PCS ACADEMY

at a glance...

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

31 DEC. 2023

USEFUL FOR

## IAS | PCS

& other civil services exams




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर हुआ अयोध्या धाम**




- अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं के साथ प्राचीन भारतीय वास्तुकला का सहज मिश्रण बन गया है।
- पवित्र शहर अयोध्या अपने प्रतिष्ठित रेलवे जंक्शन का नाम बदलने और एक नए हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ एक बड़े बदलाव के लिए तैयार हो रहा है।
- **अन्य खबर-**
- योगी आदित्यनाथ सरकार कथित तौर पर महाकाव्य रामायण के रचयिता श्रद्धेय कवि का सम्मान करते हुए इसका नाम बदलकर "महर्षि वाल्मिकी हवाई अड्डा" करने पर विचार कर रही है।

2. **आंध्र प्रदेश CM रेड्डी ने 'अदुदम आंध्र' का उद्घाटन किया**



- 47 दिन चलेगा खेल उत्सव, 1.22 करोड़ खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया
- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी मंगलवार को गुंटूर में खेल उत्सव 'अदुदम आंध्र' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम रेड्डी क्रिकेट खेलते हुए भी नजर आए।
- साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों के साथ बैडमिंटन और वॉलीबॉल भी खेला।
- 'अदुदम आंध्र' को राज्य में अब तक का सबसे बड़ा खेल टूर्नामेंट बताया जा रहा है।
- इसमें 1.22 करोड़ खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।
- टूर्नामेंट 26 दिसंबर से 10 फरवरी, 2024 तक 47 दिनों के लिए आयोजित किया जाएगा।

3. **INS इम्फाल नौसेना में शामिल किया गया**



- हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच नया स्टील्थ गाइडेड मिसाइल से लैस INS इंफाल वॉरशिप भारतीय नौसेना में शामिल हो गया।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने INS इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशंड किया। यह वॉरशिप नौसेना की पश्चिमी कमान में शामिल होगा।
- यह डिस्ट्रॉयर वॉरशिप सतह से सतह पर मार करने वाली 8 बराक और 16 ब्रह्मोस एंटीशिप मिसाइल, सर्विलांस रडार, 76 MM रैपिड माउंट गन, एंटी सबमरीन टॉरपीडो से लैस है।
- रक्षा मंत्रालय के मुंबई स्थित शिपयार्ड मझगांव डॉकशिप बिल्डर्स लिमिटेड (MDL) ने इंफाल को बनाया है।

4. **वासुदेव देवनानी को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुना गया**



- हाल ही में वासुदेव देवनानी को राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चुना गया है।
- वासुदेव देवनानी पांच बार के अनुभवी भाजपा विधायक हैं और उन्हें सर्वसम्मति से 16वीं राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष चुना गया है।
- उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पेश किया और कांग्रेस नेता और टोंक विधायक सचिन पायलट ने इसका समर्थन किया।
- वासुदेव देवनानी का सर्वसम्मति से चयन सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एक दुर्लभ एकता को दिखाता है।

5. **भारत अर्जेंटीना में पांच लिथियम ब्लॉक हासिल करेगा**



- भारत सरकार पांच लिथियम ब्लॉकों के लिए अर्जेंटीना सरकार के साथ अन्वेषण और विकास समझौते में प्रवेश करने की योजना बना रही है, जिनकी पहचान कैटामार्का प्रांत में खानिज बिदेश इंडिया (KABIL) द्वारा की गई है।
- केंद्र इन खदानों की खोज और विकास के उद्देश्य से अगले पांच वर्षों में लगभग 200 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।
- यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया के क्रिटिकल मिनरल्स फैसिलिटेशन ऑफिस (सीएमएफओ) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद महत्वपूर्ण खनिजों की सोर्सिंग के लिए विदेशी साझेदारी पर हस्ताक्षर करने का भारत का दूसरा प्रयास है।
- 2022 के समझौते ने भारत को पांच ब्लॉकों का पता लगाने की अनुमति दी, दो लिथियम के लिए और तीन कोबाल्ट के लिए।

6. **नोवाक जोकोविच को पुरुष वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ विश्व चैंपियन 2023 (ITF) विश्व चैंपियन का अवार्ड दिया**



- नोवाक जोकोविच को पुरुष वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ विश्व चैंपियन 2023 (ITF) विश्व चैंपियन का अवार्ड दिया गया है।
- नोवाक जोकोविच ने 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन का खिताब जीता जबकि विंबलडन में उपविजेता रहे। आर्यना सबालेंका में महिला वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ के 2023 (ITF) विश्व चैंपियन का खिताब जीता।
- नोवाक जोकोविच ने आठवीं बार ITF विश्व चैंपियन का खिताब जीता है। जबकि आर्यना सबालंका ने पहली बार ITF विश्व चैंपियन का अवार्ड जीता है।

7. **एलआईसी ने एस सुंदर कृष्णन को चीफ रिस्क ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया**



- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने एस सुंदर कृष्णन को चीफ रिस्क ऑफिसर (सीआरओ) नियुक्त किया है, उन्होंने प्रताप चंद्र पाइकराय का स्थान लिया है.
- सुंदर कृष्णन डीएसपी मेरिल लिंच, क्रेडिट लियोनिस बैंक और बैंक इंटरनेशनल इंडोनेशिया में सेवाओं का अनुभव है.
- एलआईसी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी है जिसका मुख्यालय मुंबई में है.

8. **17 जनवरी को असम के कार्बी आंगलोंग जिले में आयोजन किया जायेगा**



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 17 जनवरी को असम के कार्बी आंगलोंग जिले के तारालांगसो, दीफू में आयोजित होने वाले कार्बी युवा महोत्सव 2024 के स्वर्ण जयंती समारोह में भाग लेंगी.
- कार्बी युवा महोत्सव 2024 का स्वर्ण जयंती समारोह 12-19 जनवरी, 2024 को आयोजित किया जाएगा.
- कार्बी युवा महोत्सव प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है और इसमें असम और देश के अन्य हिस्सों से हजारों कार्बी युवा भाग लेते है.

9. **पीपीपी ने खैबर पख्तूनख्वा में चुनाव के लिए पहली हिंदू महिला को नामांकित किया**



- पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने आम चुनाव में खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर जिले से चुनाव लड़ने के लिए डॉ. सवीरा प्रकाश को नामित किया है।
- यह निर्णय पाकिस्तान चुनाव आयोग के सामान्य सीटों पर कम से कम 5% महिला उम्मीदवारों को रखने के आदेश के बाद आया है।
- पीपीपी महिला विंग की सदस्य प्रकाश 8 फरवरी को होने वाले चुनाव में पीके-25 सीट से चुनाव लड़ेंगी।
- उनके पिता, ओम प्रकाश एक सेवानिवृत्त डॉक्टर हैं और तीन दशकों से अधिक समय से पीपीपी के सक्रिय सदस्य हैं।

**10. चीन ने अंतरिक्ष में लॉन्ग मार्च-11 वाहक रॉकेट लॉन्च किया**



- चीन ने लॉन्ग मार्च-11 वाहक रॉकेट को अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक लॉन्च किया है, जिसमें तीन उपग्रहों को नियोजित कक्षा में भेजा गया है।
- ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर ने दक्षिण चीन के गुआंग्डोंग प्रांत के यांगजियांग के तट से पानी से रॉकेट लॉन्च किया।
- उपग्रहों का उपयोग मुख्य रूप से अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगों के लिए किया जाएगा। यह लॉन्ग मार्च कैरियर रॉकेट श्रृंखला का 503वां मिशन था।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **इंडियन रेलवे कॉन्फ्रेंस एसोसिएशन ने रेलवे स्टेशन 'अयोध्या जंक्शन' का नाम बदलकर क्या रखा है?**
   (a) 'अयोध्या धाम'
   (b) रामनगरी
   (c) अयोध्यापुरी
   (d) श्रीराम जंक्शन
2. **हाल ही में किसने मंगलवार को गुंटूर में खेल उत्सव 'अदुदम आंध्र' कार्यक्रम का उद्घाटन किया?**
   (a) अनुराग ठाकुर
   (b) जगन मोहन रेड्डी
   (c) नरेंद्र मोदी
   (d) इनमे से कोई नही
3. **हाल ही में INS इम्फाल नौसेना में शामिल किया गया, इसका निर्माण किसने किया ?**
   a) Cochin Shipyard
   b) Goa Shipyard
   c) Mazagon Dock Shipbuilders Limited, Mumbai
   d) Garden Rich Shipbuilders
4. **हाल ही में वासुदेव देवनानी को किस राज्य की विधानसभा के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है?**
   (a) मध्य प्रदेश
   (b) राजस्थान
   (c) छत्तीसगढ़
   (d) तेलंगाना
5. **भारत किस देश में पांच लिथियम ब्लॉक का अधिग्रहण करेगा?**
   (a) मंगोलिया
   (b) घाना
   (c) अर्जेंटीना
   (d) नामीबिया
6. **निम्न में से किसने पुरुष वर्ग में अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ विश्व चैंपियन 2023 का खिताब जीता है?**
   (a) डेनियल मेदवेदेव
   (b) कार्लोस अल्कराज
   (c) नोवाक जोकोविच
   (d) रुड
7. **एलआईसी ने हाल ही में किसे चीफ रिस्क ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया है?**
   (a) अभय माकन
   (b) एस सुंदर कृष्णन
   (c) प्रताप चंद्र पाइकराय
   (d) रेखा स्वामीनाथन
8. **किस राज्य में कार्बी युवा महोत्सव 2024 का आयोजन किया जायेगा?**
   (a) मेघालय
   (b) गुजरात
   (c) महाराष्ट्र
   (d) असम
9. **पाकिस्तान में आम चुनाव में खैबर पख्तूनख्वा के बुनेर जिले से चुनाव लड़ने वाली पहली हिंदू महिला का नाम क्या है?**
   (a) सवीरा प्रकाश
   (b) सामिया खान
   (c) सायरा यूसुफ
   (d) सारा खान
10. **हाल ही में किस देश ने लॉन्ग मार्च-11 वाहक रॉकेट को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में लॉन्च किया?**
   (a) भारत
   (b) रूस
   (c) यूएसए
   (d) चीन

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (b) | (c) | (b) | (c) | (c) | (b) | (d) | (a) | (d) |